प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं और इनसे उत्पन्न गंभीर खतरों के दृष्टिगत राज्य सरकार सक्षम व प्रतिरोधी अधोसरंचना के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस क्रम में सरकार ने 2 हज़ार 6 सौ 88 करोड़ रुपये की ''हिमाचल प्रदेश रेजिलिएंट एक्शन फॉर डेवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरी'' एचपी–रेडी परियोजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य आपदा–प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना इस वर्ष जनवरी से नवंबर 2030 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण उत्पन्न परिस्थितियों से पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है और प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। पिछले तीन वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने राहत केंद्रित शासन से प्रतिरोधी केंद्रित प्रशासन की ओर बढ़ने पर भी बल दिया।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने आज लोकभवन शिमला से ऑल इंडिया एनसीसी माउंटेनियरिंग एक्सपीडिशन दल को कुल्लू की माउंट देव टिब्बा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देशभर से चुने गए 24 एनसीसी कैडट्स का ये दल 6 हज़ार एक मीटर ऊंची चोटी फतह करने के लिए पीर पंजाल रेंज जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे अभियान युवाओं में साहस, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत करते हैं। कविंद्र गुप्ता ने सभी कैडेट्स को सुरक्षित और सफल आरोहण की शुभकामनाएं भी दीं।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेगी और सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश के चार में से तीन नगर निगमों में भाजपा की जीत को लेकर उन्होंने माना कि इन चुनावों में कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन इसके कारणों पर पार्टी स्तर पर चर्चा और समीक्षा की जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पालमपुर क्षेत्र में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है और कई क्षेत्रों में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को जनता का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हैं।

राकेश जम्वाल

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा है कि स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणामों ने कांग्रेस सरकार की वास्तिविक स्थिति उजागर कर दी है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब बौखलाहट में जनता को गुमराह करने के लिए निराधार बयानबाजी कर रहे हैं। राकेश जम्वाल ने कहा कि जनता का विश्वास भाजपा के साथ लगातार बढ़ रहा है और तीन नगर निगमों में जनता ने कांग्रेस का राजनीतिक बहिष्कार किया है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव हिमाचल की सत्ता का सेमीफाईनल था जिसे भाजपा ने निर्णायक रूप से जीत लिया है और 2027 के विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा को अपना पूर्ण समर्थन देगी।

<u>विनय कुमार</u>

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि शहरी निकाय व पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस ने व्यापक जनसमर्थन प्राप्त कर अपनी मजबूत राजनीतिक स्थिति को पुनः प्रमाणित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 54 शहरी निकायों में से 32 में कांग्रेस समर्थित प्रतिनिधियों की जीत हुई है जिससे स्पष्ट है कि जनता कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, पारदर्शी प्रशासन और विकासात्मक दृष्टिकोण पर पूर्ण विश्वास व्यक्त कर रही है। विनय कुमार ने कहा कि नगर निगम चुनाव परिणामों को लेकर कांग्रेस संगठन द्वारा विश्लेषण किया जाएगा ताकि भविष्य में संगठनात्मक स्तर पर और अधिक मजबूती लाई जा सके।

<u>अंतर– मंत्रालय ब्रीफिंग</u>

केंद्र सरकार ने कहा है कि पूरे देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आयोजित अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सभी तेल विपणन कंपनियां सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल की सक्रिय रूप से आपूर्ति कर रही हैं।

————————————————————————